Rapid Fire (करेंट अफेयर्स): 18 दिसंबर, 2023

भारत के व्यापार घाटे में सुधार

हाल ही में भारत के व्यापार घाटे में निर्यात और आयात दोनों में गिरावट के साथ **महत्त्वपूर्ण सुधार** देखा गया, जिससे व्यापार अंतर कम हो गया।

- नवंबर 2023 में व्यापारिक निर्यात साल दर साल **2.8% कम होकर** 33.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जबकि **आयात 4.3% घटकर** 54.98 बिलियन अमेरिकी डॉलर रह गया, जिसके परिणामस्वरूप कुल 20.58 बिलियन अमेरिकी डॉलर का व्यापार घाटा हुआ।
    - व्यापार घाटे में अक्तूबर 2023 में दर्ज 29.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के उच्च स्तर से उल्लेखनीय कमी दर्ज की गई।
- व्यापार घाटा वह राशि है जिससे **किसी देश के आयात की लागत उसके निर्यात से अधिक हो जाती है।** यह चालू खाते के घाटे का हिस्सा है।
- **पेट्रोलियम और इंजीनियरिंग उत्पाद शिपमेंट में कमी**, जो भारत के निर्यात का लगभग आधा हिस्सा है, ने समग्र निर्यात संकुचन में योगदान दिया।
- इलेक्ट्रॉनिक्स जैसे **उभरते क्षेत्रों (23.56% की वृद्धि)** और रत्न और आभूषण लौह अयस्क, फार्मा व खनिजों के सकारात्मक योगदान ने नवंबर में कुछ समर्थन प्रदान किया।

और पढ़ें: चालू खाता घाटा, भारत का निर्यात आउटलुक

TIWB कार्यक्रम में भारत की साझेदारी

सेंट लूसिया (कैरेबियाई में एक द्वीप देश) के **कर प्रशासन** को मज़बूत करने के लिये **सीमा विहीन कर निरीक्षक (Tax Inspectors Without Borders- TIWB) कार्यक्रम** में भारत की भागीदारी कर मामलों में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग में एक महत्त्वपूर्ण कदम है।

- भारत को साझेदार प्रशासन के रूप में चयनित किया गया है तथा यह 12-18 महीने की अवधि के इस कार्यक्रम के लिये **कर विशेषज्ञ** उपलब्ध कराएगा।
    - TIWB संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (UNDP) तथा **आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD)** की एक संयुक्त पहल है।
- तकनीकी ज्ञान तथा कौशल को स्थानांतरित करके सेंट लूसिया के कर प्रशासन को मज़बूत करने पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से सामान्य रिपोर्टिंग मानक (CRS) ढाँचे के तहत OECD के **सूचना के स्वत: आदान-प्रदान (Automatic Exchange of Information- AEOI)** के प्रभावी उपयोग पर ज़ोर दिया गया है।
- G20 अनुरोध के जवाब में स्थापित तथा वर्ष 2014 में OECD परिषद द्वारा अनुमोदित CRS, क्षेत्राधिकारों को अपने संस्थानों से प्राप्त **वित्तीय जानकारी का** वार्षिक रूप से **आदान-प्रदान** करने का आदेश देता है।
    - यह रूपरेखा वित्तीय संस्थानों के लिये खातों के प्रकार, करदाताओं तथा उचित परिश्रम प्रक्रियाओं की रूपरेखा तैयार करती है। इसका उद्देश्य वैश्विक स्तर पर कर चोरी से निपटना है।

और पढ़ें...सामान्य रिपोर्टिंग मानक: OECD

माइक्रोसॉफ्ट का Phi-2: छोटा मॉडल, बड़ा प्रभाव

माइक्रोसॉफ्ट द्वारा हाल ही में जारी किया गया छोटा भाषा मॉडल **Phi-2**, भाषा मॉडल की दुनिया में एक महत्त्वपूर्ण उपलब्धि का सूचक है।

- **Phi-1.5** के उन्नत संस्करण के रूप में स्थापित यह मॉडल जेनरेटिव AI में क्षमताओं का दावा करता है जो **लामा-2, मिस्ट्रल और जेमिनी-2 जैसे बड़े समकक्षों को चुनौती देता है।**
- बुनियादी तौर पर, **"पाठ्यपुस्तक-गुणवत्ता" डेटासेट** पर Phi-2s प्रशिक्षण में निहित है, इसे सामान्य ज्ञान, भाषा समझ, तार्किक और जटिल गणितीय और भौतिकी समस्याओं को हल करने में कौशल के साथ सशक्त बनाना है।

और पढ़ें: जनरेटिव आर्टफिशियिल इंटेलिजेंस

SCO का संयुक्त आतंकवाद-विरोधी अभ्यास

हाल ही में **शंघाई सहयोग संगठन (SCO)** के सदस्य देशों के अधिकारियों ने SCO की क्षेत्रीय आतंकवाद विरोधी संरचना की कार्यकारी समिति के सहयोग से आतंकवादी, अलगाववादी और चरमपंथी ऑनलाइन गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये एक संयुक्त आतंकवाद विरोधी अभ्यास का आयोजन किया।

- **भारत** द्वारा आयोजित, यह अभ्यास **आतंकवादी, अलगाववादी और चरमपंथी उद्देश्यों के लिये इंटरनेट के दोहन** को कम करने पर केंद्रित था।
- SCO एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतर्राष्ट्रीय संगठन है जिसका उद्देश्य **एक नई लोकतांत्रिक, निष्पक्ष और तर्कसंगत अंतर्राष्ट्रीय राजनीतिक एवं आर्थिक अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था** को बढ़ावा देना है। इसका गठन वर्ष 2001 में किया गया था।
  - SCO चार्टर पर वर्ष 2002 में हस्ताक्षर किये गए थे और यह वर्ष 2003 में लागू हुआ।
  - **सदस्यता:** कज़ाकिस्तान, चीन, किर्गिस्तान, रूस, ताज़िकिस्तान, उज़्बेकिस्तान, भारत, पाकिस्तान और ईरान।

और पढ़ें: शंघाई सहयोग संगठन

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rapid-fire-current-affairs-18-december,-2023